जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

09 मई 2023

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया में डॉ. अभय कुमार शाण्डिल्य स्मृति व्याख्यान

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के संस्कृत विभाग ने दिनांक 7 मई 2023, रविवार को वर्चुअल पोर्टल पर डॉ. अभय कुमार शाण्डिल्य की स्मृति में 'वेदानुशीलन की दिशा और दृष्टि' विषय पर द्वितीय व्याख्यान आयोजित किया। डॉ. अभय कुमार शाण्डिल्य का निधन कोरोना के कारण दिनांक 7 मई 2021 को हुआ था।

कार्यक्रम का शुभारम्भ सस्वर वैदिक मंगलाचरण से किया गया। व्याख्यान में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत जामिया मिल्लिया इस्लामिया के वरिष्ठ प्रोफेसर गिरीश चन्द्र पन्त द्वारा किया गया। उन्होंने स्वागत वक्तव्य में वक्ता का परिचय तथा डॉ. अभय कुमार शाण्डिल्य को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने घनिष्ट सम्बन्धों तथा मधुर स्मृतियों को याद किया और डॉ. अभय कुमार द्वारा विभाग को दिए गए महत्त्ववपूर्ण योगदान का भी जिक्र किया।
कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. ओम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व सचिव,महर्षि सान्दिपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान एवं पूर्व अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने मुख्य वक्तव्य में वेदों में निहित ज्ञान तथा आधुनिक संदर्भ में उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला और वेदों में प्रतिपादित सामाजिक कर्तव्यों को भी बताया।

व्याख्यान की अध्यक्षता जामिया के भाषा एवं मानविकी संकायध्यक्ष, प्रो.मो.ईशाक ने की। अध्यक्षीय उद्बोधन मे उन्होंने वैदिक संस्कृति एवं सभ्यता की विशेषताओं को बताते हुए बड़े सुचारु ढंग से वैदिक मन्त्रों का अनुवाद करते हुए उसकी महत्ता पर प्रकाश डालने का प्रयास किया। व्याख्यान के अन्त में संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश नारायण ने डॉ. अभय कुमार शाण्डिल्य के भावुक क्षणों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की तथा समस्त आगन्तुकों के प्रति कृतज्ञता एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक संस्कृत विद्वान, शोधछात्र, एवं विभागीय छात्र उपस्थित रहे। इस व्याख्यान कार्यक्रम में विशिष्ट विद्वानों के रूप में कुमायूँ विश्वविद्यालय नैनीताल की संस्कृत विभाग की अध्यक्षा जया तिवारी जी, दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग से प्रो. वेद प्रकाश ढिढोरिया, प्रो. रंजीत बेहरा, प्रो. रंजन त्रिपाठी, डॉ. मैत्रेयी कुमारी, डॉ. राज मंगल यादव, लखनऊ विश्वविद्यालय से डॉ. सत्यकेतु, मेरठ विश्वविद्यालय से डॉ. संदीप, जामिया से प्रो. बुलबुल धर, प्रो. नदीम खान इत्यादि सम्मिलित रहे| साथ ही डॉ .अभय कुमार के माता– पिता, उनकी धर्मपत्नी डॉ. रूबी एवं परिवार के अन्य सदस्य और मित्रगण भी उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. धनञ्जय मणि त्रिपाठी द्वारा किया गया। अन्त में सभी उपस्थित सदस्यों ने डॉ. अभय कुमार को श्रद्धाञ्जलि अर्पित की तथा कल्याणमंत्र का पाठ किया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

संस्कृतविभागः

जामिया-मिल्लिया-इस्लामिया, नवदेहली-110 025

(राष्ट्रियमूल्याङ्कनपरिषदा A++ श्रेण्याप्रत्यायितः केन्द्रीयविश्वविद्यालयः)

डॉ. अभय कुमार शाण्डिल्य स्मृति व्याख्यान

में आपको सादर आमन्त्रित करता है

विषय : वेदानुशीलन की दिशा और दृष्टि

(Vision and Mission of Vedic Interpretation)

संरक्षक

पद्मश्री प्रो. नजमा अख्तर

कुलपति, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली

मुख्य वक्ता

प्रो. ओमप्रकाश पाण्डेय

पूर्व सचिव, म.सा. राष्ट्रिय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जयिनी

विशिष्ट अतिथि

प्रो. नाज़िम हुसैन जाफरी

कुलसचिव, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली

अध्यक्षता

प्रो. मोहम्मद इस्हाक

सङ्कायाध्यक्ष, भाषा एवं मानविकी, जा.मि.इ.

दिनाङ्क : रविवार, 07 मई 2023

समय : अपराह्ण 04:00 बजे

स्थान : Google Meet https://meet.google.com/dkm-iyce-ijv

निवेदक

डॉ. धनञ्जय मणि त्रिपाठी	प्रो. गिरीश चन्द्र पन्त	डॉ. जय प्रकाश नारायण
संयोजक	समन्वयक	विभागाध्यक्ष